*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## इतिहास और राष्ट्र बोध पर विशेष व्याख्यान
## भारत के समृद्ध इतिहास को सामने लाने की जरूरत – डॉ. बाल मुकुंद पाण्डेय

वर्धा, 24 मई 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान में सामाजिक कार्यकर्ता एवं अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बाल मुकुंद पाण्डेय ने कहा कि भारत के इतिहास को अंग्रेजों ने तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया है। हमारे देश के इतिहास के




कई तथ्यों को छुपाया गया है। हमारा इतिहास अत्यंत समृद्ध है और इसे युवाओं के सामने लाने की जरूरत है। जनसंचार विभाग के स्टुडियो में आयोजित व्याख्यान में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन एवं डॉ पाण्डेय का परिचय जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार राय ने कराया। डॉ. पाण्डेय इतिहास और पुरातत्व विषय के विशेषज्ञ है। उन्होंने इतिहास, संस्कृति व पुरातत्व अध्येता के रूप में संपूर्ण भारत का प्रवास किया है। अपने अनुभवों को सांझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का

इतिहास अंग्रेजों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत लिखा गया जिसमें उन्होंने भारत का साप-सपेरों का देश




कहा, जबकि हमारा इतिहास ऐसा नहीं है। हमारे योद्धाओं जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज, राणा रणजीत सिंह आदि को पढ़ने की जरूरत है जिसे युवाओं में प्रेरणा जागृत हो सके।

इस अवसर पर डॉ. पाण्डेय ने उपस्थित अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ चर्चा भी की। प्रारंभ में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने डॉ. पाण्डेय का शॉल और सूत की माला प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिकारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।